आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph.: 0141-2706550

क्रमांकः एफ 7(4) रूक्टा/अकाद/आकाशि/2023–02555/

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः–AIFUCTO XXXIII Statutory Conference दिनांक 19 जनवरी 2024 से 21 जनवरी 2024 में भाग लेने हेतु विशेष आकस्मिक (अकादमिक) अवकाश स्वीकृत करने बाबत्।
संदर्भः– रूक्टा का पत्र क्रमांक रूक्टा/2023/49 दिनांक 22.12.2023।

महोदय

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि रूक्टा द्वारा दिनांक 19.01.2024 से 21.01.2024 तक ब्रह्मानन्द पी.जी. महाविद्यालय कानपुर, में आयोजित किये जाने वाले AIFUCTO XXXIII Statutory Conference में भाग लेने वाले संयुक्त निदेशक/ उपनिदेशक/प्राचार्य/सह/सहायक–आचार्यो/आचार्यो/सहायक निदेशक/ व्याख्याता को राजस्थान सेवा नियम के प्रावधानों एवं राज्य सरकार के आदेश क्रमांक एफ.1(12) एफ.डी (ग्रुप–2)/83 दिनांक 01.04.1983 के अंतर्गत नियमानुसार दिनांक 19.01.2024 से 21.01.2024 का विशेष आकस्मिक (अकादमिक) अवकाश स्वीकृत करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

उपर्युक्त अधिकारियों को केवल मात्र एक संगठन द्वारा आयोजित अधिवेशन में भाग लेने तथा उक्त दिवसों का उपस्थिति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही उक्त अवकाश का लाभ देय होगा।

उक्त अधिवेशन में भाग लेने वाले अधिकरियों को यात्रा भत्ता एवं दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

यह आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. समस्त संयुक्त निदेशक/उप निदेशक/सहायक निदेशक/समन्वयक/सह आचार्य/सहायक आचार्य/आचार्य, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. महामंत्री, राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ (रूक्टा), देरा श्री शिक्षक सदन, राजस्थान विश्वविद्यालय परिसर, जयपुर को उनके पत्र क्रमांक रूक्टा/2023/49 दिनांक 22.12.2023 के संदर्भ में।
5. समस्त सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
6. वेब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।

(गोपाल राम बिरदा)
अतिरिक्त आयुक्त,
कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।

RajKaj Ref
5247258

Signature valid
Digitally signed by Gopal Ram Birda
Designation : Additional Commissioner
Date: 2023.12.29 15:51:35 IST
Reason: Approved